# बजाज मिल ने अभियान चलाकर पेडी व पौध गन्ने का किया सर्वे

पूर्णानन्द बाजपेई सर्वे करती टीम

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी**
**-स्वतंत्र भारत-**

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला ने अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव-गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों में जागरूकता पैदा कर रही है। चोटी बेधक कीट नियंत्रण हेतु चीनी मिल द्वारा कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही साथ कुछ किसानों द्वारा लाइट ट्रैप भी अपने-अपने खेतों में लगाया गया है। गोष्ठी में किसान भाईयों से अपील की गई है कि अपने खेतों में कीट बीमारी की बराबर निगरानी करते रहें । यदि कहीं कोई कीट बीमारी में चीनी मिल के कर्मचारियों की आवश्यकता हो तो तत्काल सूचना दे उसका तुरन्त निदान कराया जायेगा।

बजाज चीनी मिल गोला द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है । सभी टीमों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन 20 हे0. गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें। सर्वेक्षण के समय सही-सही गन्ना प्रजाति पेड़ी-पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखें। जो कृषक गन्ना समिति के सदस्य नहीं है वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये। साथ ही साथ मोबाइल नं0. बैंक खाता संख्या घोषणा पत्र भरकर अवश्य जमा कर दें यह जानकारी चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों को घर घर जाकर दी जा रही है।

गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरि0 महाप्रबन्धक गन्ना पी. एस. चतुर्वेदी द्वारा ग्राम पचतौर, कबीरधाम व मुश्की में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई-गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है जिससे कि इन खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैं, इसकी गुडाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक है, गुडाई करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि कल्लों का फुटाव अधिक होगा तथा खर - पतवार खेत में रहने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक पाया जाता है जिससे आपकी पैदावार 15-20 प्रतिशत कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में गुडाई जुताई आवश्यक है।

गुड़ाई-जुताई के उपरान्त खरपतवार सूख जाने पर सिंचाई कर एन. पी. के. 12-32-16 अथवा 19-19-19 का घोल बनाकर छिड़काव करें। ऐसा करने से पेड़ी गन्ने की पैदावार अच्छी प्राप्त होगी। गोष्ठी में दीपक सिंह एसीडीओ व जोन ईचार्ज भी उपस्थित रहे।

# पेड़ी गन्ने में भी कृषि क्रियायें जरूरी

ोला गोकरण नाथ खीरी।बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला ने अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव - गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों में जागरूकता पैदा कर रही है । चोटी बेधक कीट नियंत्रण हेतु चीनी मिल द्वारा कोराजन उपलब्ध कराया जा रहा है । साथ ही साथ कुछ किसानों द्वारा लाइट ट्रैप भी अपने - अपने खेतों में लगाया गया है । गोष्ठी में किसान भाईयों से अपील की गई है कि अपने खेतों में कीट बीमारी की बराबर निगरानी करते रहें । यदि कहीं कोई कीट बीमारी में चीनी मिल के कर्मचारियों की आवश्यकता हो तो तत्काल सूचना दे उसका तुरन्त निदान कराया जायेगा । बजाज चीनी मिल गोला द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है । सभी टीमों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन 20 हे0. गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लें । सर्वेक्षण के समय सही - सही गन्ना प्रजाति पेड़ी - पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखें । जो कृषक गन्ना समिति के सदस्य नहीं है वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये ।

साथ ही साथ मोबाइल नं0. बैंक खाता संख्या घोषणा पत्र भरकर अवश्य जमा कर दें यह जानकारी चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों को घर घर जाकर दी जा रही है । गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरि0 महाप्रबन्धक गन्ना पी. एस. चतुर्वेदी द्वारा ग्राम पचतौर, कबीरधाम व मुश्की में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई - गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है जिससे कि इन खेतों में खरपतवार दिखाई दे रहे हैं, इसकी गुडाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक है, गुडाई करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि कल्लों का फुटाव अधिक होगा तथा खर - पतवार खेत में रहने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक पाया जाता है जिससे आपकी पैदावार 15-20 प्रतिशत कम हो जाती है । ऐसी स्थिति में गुडाई जुताई आवश्यक है । गुड़ाई - जुताई के उपरान्त खरपतवार सूख जाने पर सिंचाई कर एन. पी. के. 12:32:16 अथवा 19:19:19 का घोल बनाकर छिड़काव करें । ऐसा करने से पेड़ी गन्ने की पैदावार अच्छी प्राप्त होगी । गोष्ठी में दीपक सिंह एसीडीओ व जोन ईचार्ज भी उपस्थित रहे।

www.vishwavarta.com मूलचंदभारद्वाज बाराबंकी/लखीमपुर वार्ता

# पेड़ी गन्ने में भी कृषि क्रियाएं कराया जाना जरूरी

29.05.2023

» गोष्टी मे अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी

विश्व वार्ता संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला ने अभियान चलाकर पेड़ी प्रबन्धन हेतु गांव - गांव गोष्ठी के माध्यम से किसानों में जागरूकता पैदा की गई।

आयोजित गोष्ठियों में गन्ना किसानों को चोटी बेधक कीट नियंत्रण हेतु चीनी मिल द्वारा कोराजन उपलब्ध कराये जाने की जानकारी दी गई। साथ ही साथ कुछ किसानों द्वारा लाइट ट्रैप भी अपने - अपने खेतो में लगाया गया है। गोष्ठी मे किसान भाईयो से अपील की गई है कि अपने खेतो में कीट बीमारी की बराबर निगरानी करते रहें। यदि कहीं कोई कीट बीमारी में चीनी मिल के कर्मचारियों की आवश्यकता हो तो तत्काल सूचना दे उसका तुरन्त निदान कराया जायेगा।

बजाज चीनी मिल गोला द्वारा 60 टीमें लगाकर गन्ना सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सभी टीमों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन 20 हे0. गन्ने की नाप करें और 20 जून तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर ले। सर्वेक्षण के समय सही - सही गन्ना प्रजाति पेड़ी - पौधा व शरद बावक की विशेष निगरानी रखे। जो कृषक गन्ना समिति के सदस्य नहीं है वह 30 सितम्बर के अन्दर सदस्य बन जाये। साथ ही साथ मोबाइल नं०, बैंक खाता संख्या घोषणा पत्र भरकर अवश्य जमा कर दें यह जानकारी चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों को घर घर जाकर दी जा रही है।



बजाज चीनी मिल के अधिकारी खेतों में जाकर गन्ने में लगी बीमारी को नियंत्रित करने की दे रहे जानकारी

गन्ना सर्वेक्षण की जांच कर रहे चीनी मिल के वरि० महाप्रबन्धक गन्ना पी. एस. चतुर्वेदी द्वारा ग्राम पचतौर, कबीरधाम व मुस्की में किसान गोष्ठी कर किसानों को समझाया कि कुछ पेड़ी गन्ने के खेतों में जुताई - गुड़ाई व उचित देखभाल नहीं किया गया है। जिससे इन खेतो में खरपतवार दिखाई दे रहे है, इसकी गुड़ाई किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। गुड़ाई करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया कि कल्लो का फुटाव अधिक होगा तथा खर - पतवार खेत में रहने पर कीट पतंगों का प्रकोप अधिक पाया जाता है जिससे आपकी पैदावार 15-20 प्रतिशत कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में गुड़ाई जुताई आवश्यक है।